



# बाइकों के साइलेंसर से निकल रही गोली की आवाज

## कई जगहों पर फायरिंग होने के भ्रम में लोग पुलिस को लगा चुके हैं फोन, अचानक बंदूक की आवाज निकालने से घबरा जाते हैं लोग

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 नवम्बर।** बाइक के साइलेंसर मोडिफाई करवाकर रिहायशी इलाकों में गन फायर जैसी आवाजें निकालना युवाओं का टशन बन गया है। लेकिन ऐसा करने वाले बाइक सवार नहीं जानते कि मोडिफाई करवाए गए साइलेंसर उन पर जुर्माना करवा सकते हैं। फायरिंग की आवाज निकालकर वे ऐसा अपराध भी कर रहे हैं। जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। बंदूक की बाइकों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई मामलों में तो लोगों ने भ्रमित होकर डर के मारे पुलिस को भी फायरिंग की सूचनाएं दी। बाद में पता चला कि ये फायरिंग नहीं बाइकों के साइलेंसर की आवाज थी। इसके बाद भी पुलिस अब तक एक भी बंदूक वाली बाइक को जब्त नहीं कर पाई है।

परिवहन नियमों के तहत किसी भी गाड़ी को शोरूम में खरीदकर बिना अनुमति के गाड़ी की बनावट में कोई भी बदलाव नहीं किया जा सकता। लेकिन क्षेत्र के युवा महानगरों से सबक लेकर अपनी बाइकों के साइलेंसर बदलवा रहे हैं। बाजार में पटाख साउंड और बंदूक के अलग-अलग ध्वनि तीवता वाले साइलेंसर बिक रहे हैं। युवा अपने बाइकों के साइलेंसर इन्हीं साइलेंसरों से रीप्लेस करवा रहे हैं। इसके बाद सड़क पर चलते समय भीड़ भरी जगहों में अपनी मर्जी के अनुसार ये बाइक सवार बंदूक की आवाज





निकालते हुए भाग जाते हैं। अनजान लोग घबरा कर इधर उधर वाहन रोक लेते हैं। उन्हें लगता है कि फायरिंग हो गई।

**2500 रुपए में मिल रहे कई वैरायटी के साइलेंसर:** बाइकों में साइलेंसर बदलवाने के लिए युवाओं को महज ढ़ाई हजार रुपए खर्च करने होते हैं। बाजार में पटाखा साइलेंसर, बंदूक साइलेंसर, ढोलकी साइलेंसर मौजूद हैं। इन्हें डॉल्फिन और ड्रम साइलेंसर भी कहा जाता है। क्षेत्र में कुछ चिंहित दुकानें ही हैं। यहां यह उपलब्ध हैं और इन्हें मोडिफाई किया जाता है। कुछ बाइकों में युवा मैकेनिक की मदद से साइलेंसर के फिल्टर को निकलवा देते हैं। इसके बाद जो शोर उत्पन्ना होता है वह किसी भी कानों को कष्ट देने के लिए पर्याप्त है।

**यू-ट्यूब से युवा सिख रहे तकनीक:** ऐसा नहीं है कि साइलेंसर मोडिफाई करवाने के बाद इनसे लगातार फायरिंग की आवाज आती हो। इसकी तकनीक वैसे तो युवाओं को मालूम चल गई है। लेकिन फिर भी मैकेनिक यह तकनीक बताते हैं इसमें चालू बाइक में एक्सीलेटर देते हुए बाइक के दाईं ओर लगे इग्रीशन बटन को बंद करके फिर चालू करते ही साइलेंसर से फायर की आवाज आती है। जानकार हैरानी हो सकती है, कि यह काम करना सिखाने के लिए यू-ट्यूब और फेसबुक पर भी विडियों उपलब्ध हैं। जिनसें युवा यह काम सीख रहे हैं।

**बाइक चालक करते हैं लड़कियों को परेशान:** मिहोना क्षेत्र में दिनभर कोचिंग संचालित रहती हैं। ऐसे दिन बाइक सवार दिनभर बाइक से फर्राटे भरते हैं। साथ ही बाइकों से फाइरिंग जैसी आवाज भी निकालते हैं। साथ ही कॉलोनी में पढ़ने वाली लड़कियों को बाइक चालक परेशानी करते हैं। कई बार, तो लड़कियों के साथ बाइक चालक छेड़छाड़ तक कर देते हैं। ऐसे में परिजन लड़कियों को कोचिंग पढ़ाने से मना करते हैं।

**इनका कहना...**

बाइकों के साइलेंसर से गोली चलने की आवाज निकाली जा रही है, तो ऐसे बाइक चालकों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

**राजेंद्र भार्गव, टीआई, ट्रैफिक थाना भिंड**

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

## 120 से अधिक आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 नवम्बर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर भिण्ड ने आमजन की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर ने भी आवेदकों की समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों के समक्ष 120 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान एक विशेष मामला ग्राम कन्हौआपुरा, जनपद पंचायत अटेर निवासी



हवलदार पुत्र मेवाराम से संबंधित था, जिन्होंने ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया, जिसके बाद आवेदक को वहीं पर ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की शिकायतों का निपटारा पूरी गंभीरता से किया जाए और किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता की समस्याओं का सार्थक और संवेदनशील समाधान करना है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँच सके।

# पूर्व विधायक मुकेश चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने मेंदाता पहुंचे मंत्री राकेश शुक्ला

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 4 नवम्बर।** पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह के स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर मंत्री राकेश शुक्ला ने मेदांता पहुँचकर हालचाल जाना, प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी चौधरी मुकेश सिंह के अस्वस्थ होने पर उन्हें उपचार हेतु मेदांता हॉस्पिटल, दिल्ली में भर्ती कराया गया था।

आज उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने हेतु मेहगांव विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शुक्ला स्वयं दिल्ली पहुँचे। मंत्री शुक्ला ने



अस्पताल में चौधरी मुकेश सिंह से एवं उनके परिवार और सहयोगी जनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और डॉक्टरों से उपचार की जानकारी प्राप्त की।

# आम रास्तों के किनारे फेंकी जा रही राख, लोगों का घुट रहा दम

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 4 नवम्बर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित सन ब्रिज कंपनी प्रदूषण फैलाने में नंबर वन बन चुकी है, कंपनी प्रदूषण फैला कर न सिर्फ क्षेत्र वासियों को परेशान कर रही है

**मुसीबत बन रहा प्रदूषण**

बल्कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत अभियान को भी पलीता लगा रही है, कंपनी प्रबंधन द्वारा चिमनी से निकलने वाली राख डंपरों में भरकर क्षेत्र के आम राष्ट्रों के आसपास डलवाई जा रही है जो लोगों के लिए बीमारी और मुसीबत बन रही है,



कंपनी द्वारा वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण भी छोड़ा जा रहा है जो लोगों के लिए आफत बन रहा है ,इतना ही नहीं कंपनी में चावल निकालने के बाद धान के छिलके (भूसी) को ट्रालियों में भर भर कर बाहर भेजा जाता है जो क्षेत्र में चारों ओर बिखर जाती है और इधर उधर उड़ कर परेशानी का सबब बन रही है, इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने कंपनी प्रबंधन को कई बार शिकायत की लेकिन प्रबंधन गुंडागर्दी पर आमादा है और सारे नियमों को ठेका दिखाकर प्रदूषण फैलाकर लोगों को बीमार बना रहा है, इस समस्या को लेकर एक गौ सेवक द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई है उन्होंने शिकायत में उल्लेख किया है कि मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को स्वच्छ हवा की जगह प्रदूषित वातावरण में सांस लेना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या काफी समय से चल रही है। सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठा रही है। लेकिन प्रदूषण विभाग के अधिकारियों पर फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप है। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह स्थिति क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनी हुई है।

**इनका कहना है...**

मुझे भी जानकारी मिली है कि फैक्ट्री द्वारा प्रदूषण फैलाया जा रहा है इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों को पत्र भेज कर फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी

**केशव देसाई विधायक गोहद**

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन हमारी संस्कृति

## संगम- गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन अभियान का शुभारंभ, समाजसेवा प्रभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के बीच तीन साल के लिए एमओयू साइन

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 4 नवम्बर।** ब्रह्माकुमारीज़ के समाजसेवा प्रभाग द्वारा चलाए जा रहे संगम- गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन अभियान का शुभारंभ किया। इसमें ग्वालियर मालनपुर ब्रह्माकुमारीज में आयोजित कार्यक्रम में संचालिका बी के ज्योति दीदी ने कहा कि बुजुर्गों के लिए सुख-सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है, उन्हें अपने बेटों-बेटियों, बहुओं और नाती-पोतों के आत्मीयता की आवश्यकता है। उनके हाथ में जब अपने बच्चों का हाथ स्पर्श करता है तो उसे किसी भौतिक सुख-





सुविधाओं से नहीं मापा जा सकता है। दादा-दादी और नाना-नानी के साथ बच्चों का जो प्रेमपूर्ण, भावनात्मक संवाद होता है, इसकी कल्पना वही कर सकते हैं जो संयुक्त परिवार में जीते हैं। आज संयुक्त परिवारों का विघटन हो रहा है। ऐसे में हमें समाच की चेतना जागृत करने की जरूरत है।

मालनपुर नगर परिषद के सीएमओ रिहान अली ने कहा कि घर के बड़े-बुजुर्ग अपना समय ज्यादा से ज्यादा ईश्वर की याद में लगाएं इससे पूरे परिवार को छत्रछाया मिलती रहेगी और जीवन सुखमय बन जाएगा। बीके नीलम दीदी टेकनपुर ने कहा कि हमारी दादियों ने जीवन के अंत समय तक सेवा की। पोरसा संचालिका बीके रेखा दीदी ने कहा कि गौरवपूर्ण वृद्धावस्था को स्वीकार करने के लिए जरूरी है कि हम सभी को प्यार दें, आशीर्वाद और दुआ दें।भोपाल से पधारे राजयोगी परमानंद भाई ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने 60 वर्ष की आयु में परमात्मा के आदेशानुसार इस विश्व विद्यालय की नींव रखी। नई शुरुआत करने के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती है। रिटायर बैंक डायरेक्टर यादराम कुशवाहा एवं वरिष्ठ पत्रकार गुलशन तथा कोचिंग टीचर राहुल ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आए हुए सभी बुजुर्गों का स्वागत तिलक और पट्टा पहनाकर सम्मान भी किया गया।

देशभर में की गई समाज की वर्तमान स्थिति का दर्शाता नाटक पेश किया गया, जिसे देख सभी भाव विभोर हो गए। बी के खुशबू दीदी ने स्वागत भाषण दिया। बीके नम्रता दीदी ने राजयोग मेडिटेशन से सभी को शांति की गहन अनुभूति कराई। कन्याओं ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया।

# सुनार की दुकान पर धोखाधड़ी, बदमाश सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार

**नवभारत न्यूज**

**दबोह/भिंड , 4 नवम्बर ।** भिंड शहर में हाउसिंग कॉलोनी में एक सुनार की दुकान से अज्ञात बदमाश धोखाधड़ी कर सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गया। घटना के बाद फरियादी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 29 अक्टूबर की बताई गई है। किंतु रिपोर्ट कल सोमवार को कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली भिण्ड के उप निरीक्षक देवीदीन अनुरागी ने से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी संजीव सोनी पुत्र सीताराम (उम्र 61 वर्ष), निवासी हाउसिंग कॉलोनी, शहीद चौक, वार्ड नंबर 14, भिंड अपनी दुकान हाउसिंग कॉलोनी स्थित माता मंदिर के पास पर बैठे हुए थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर दुकान पर आया और गहने देखने के बहाने बातचीत करने लगा।

आरोपी ने एक सोने के मंगलसूत्र का पेंडल, एक जोड़ी बाला, तीन जोड़ी वाली और एक का पेंडल दिखाने को कहा। सभी आभूषणों का कुल वजन करीब 9.5 ग्राम था। मौका पाकर आरोपी चतुराई से ये सभी आभूषण लेकर फरार हो गया। घटना के बाद फरियादी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर क्रमांक 560 / 25 पर बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# बस कंडक्टर यात्रियों से वसूल रहे मनमाना किराया

**नवभारत न्यूज**

**दबोह, 4 नवम्बर ।** क्षेत्र में संचालित यात्री बसों में अव्यवस्था और मनमानी का आलम है। यहां बस कंडक्टर यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पक्के टिकट (वैध रसीद) नहीं दी जाती। जब कोई यात्री टिकट की मांग करता है तो कंडक्टर अभद्रता पर उतर आते हैं और बीच रास्ते में उतार देने की धमकी देते हैं। इस कारण आए दिन यात्रियों और बस कर्मचारियों के बीच झगड़े की नौबत आ जाती है।

**किराया सूची गायब, पारदर्शिता खत्म:** अंचल में चलने वाली एक भी बस में किराया सूची प्रदर्शित नहीं की गई है, जिससे यात्रियों को सही किराए की जानकारी नहीं मिल पाती। पारदर्शिता के अभाव में यात्रियों से मनमाने किराए की वसूली का सिलसिला जारी है।

**यूनिफॉर्म और पहचान का अभाव :** ड्राइवर और कंडक्टर निर्धारित यूनिफॉर्म में नजर नहीं आते। ऐसे में यात्रियों को यह तक नहीं पता चलता कि कंडक्टर कौन है या उसका नाम क्या है। यूनिफॉर्म का

**नहीं देते पक्का टिकट, बसों में किराया सूची भी नहीं लगी**

अभाव न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय है।

**ओवरलोडिंग से बढ़ रहा खतरा :** अधिकांश बसों में निर्धारित संख्या से ज्यादा यात्रियों को बैठाया जा रहा है। कई यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ता है, जिससे असुविधा और दुर्घटना की संभावना दोनों बढ़ जाती हैं। परिवहन विभाग के दिशा-निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**स्थानीयों ने जताई नाराजगी:** स्थानीय नागरिकों ने इन मनमानी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए परिवहन विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बसों की नियमित जांच और निगरानी की जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और परिवहन व्यवस्था में सुधार लाया जा सके।

**इनका कहना है ...**

'यदि बसों में किराया सूची नहीं लगाई गई है, और कंडक्टर द्वारा टिकट देने में टालमटोल की जाती है। तो हम सभी जगह शीघ्र ही चैकिंग प्वाइंट लगवाएंगे और ऐसी बसों पर कार्यवाही करेंगे। हालांकि अभी कुमरावत जी हाईकोर्ट से स्टे लेकर आए हैं। देखते हैं यदि मेरी जिम्मेदारी रहती है तो जल्द ही कार्यवाही करेंगे। एक टीम बनाऊंगा जिसमें मैं खुद शामिल होकर चैकिंग करूंगा।'

**आर के सोनी, जिला परिवहन अधिकारी भिंड**

# कलेक्टर के निर्देश पर शुरू हुआ फसलों का सर्वे

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 नवम्बर।** जिले में हाल ही में हुई लगातार बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं, जिसके बाद प्रशासन ने नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है। कलेक्टर भिण्ड के आदेशानुसार कृषि विभाग और

**कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम कर रही नुकसान का आकलन**

राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा फसलों के सर्वेक्षण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

संयुक्त टीमें ग्राम नानपुरा, बैशपुरा, अधियारी नंबर-2, अरूसी सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर खेतों की स्थिति का जायजा ले रही हैं। टीम के सदस्यों ने



पटवारी हल्कावार फसल क्षति का आकलन प्रारंभ कर दिया है और प्रभावित किसानों से उनकी फसल की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि सर्वे पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है ताकि किसानों को वास्तविक नुकसान के आधार पर मुआवजा दिलाया जा सके। इस दौरान टीम ने खेतों में जाकर धान, सोयाबीन और अन्य खरीफ फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया और फोटो दस्तावेज तैयार किए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक किसान को उसका उचित अधिकार दिलाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर शीघ्र ही मुआवजे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे बारिश से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।

## रमा गांव की मुख्य सड़क पर गड्ढा हुआ, आए दिन बाइक चालक गिरकर हो रहे घायल

**अटेर।** अटेर विधानसभा के रमा गांव में स्थित नदी की पुलिया के पास बीच सड़क पर एक बड़ा गड्ढा हो गया है। इस सड़क से हजारों की संख?या में लोगों का आवागमन रहता है। ग्रामीणों का कहना है, कि 24 घंटे इस सड़क से सबसे ज्यादा बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग निकलते है। रात के समय इस गड्ढे में लोगों के गिरने का डर बना रहता है। गड्ढे की वजह से कई बार हादसे तक भी हो चुके है, लेकिन फिर भी गांव के सरपंच और सचिव इस को गंभीरता से नहीं ले रहे है। वर्तमान में यह गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय निवासी गोले यादव और गुल्ले यादव ने बताया कि गांव की मुख्य सड़क 4 साल से गड्ढा हो गया है। इस सड़क से निकलने वाले बाइक सवार युवकों को रात के समय गड्ढा दिखाई नहीं देने की वजह अनियंत्रित होकर गिर जाते है। जिससे कई बार बड़ा हादसा होने से टल गया है।

# विकास मार्केट के सामने डिवाइडर का कट छोड़ने से आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 नवम्बर।** शहर के परेड चौराहा से बस स्टैंड की ओर जाने वाले रास्ते में विकास मार्केट के सामने डिवाइडर पर कट छोड़ दिया है। जिस पर आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते जा रहे है। साथ ही वाहन ड्राइवर वाहनों को कहीं से भी क्रॉसिंग कराते हैं, जिससे हर दूसरे दिन हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान चली जाती है। खास बात यह है कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

**डिवाइडर कट पर संकेतक**



**भी नहीं लगाएं:** शहर के विकास मार्केट के सामने डिवाइडर पर कट छोड़ दिया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वर्तमान में स्थिति यह है अनियंत्रित वाहनों की भिड़ंत में संकेतक के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ऐसे में विकास मार्केट के सामने संकेतक नहीं होने के कारण तेज रफ्तार से निकलने वाले वाहन और हाउसिंग कॉलोनी की ओर से आने वाले वाहनों में भिड़ंत हो जाती है। इससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

**आए दिन लोग हो रहे हादसे का शिकार:** विकास मार्केट के सामने डिवाइडर पर कट छोड़ देने की वजह से यह लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। इस कट पर लोग आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। क्योंकि लोग बिना इधर-उधर दिखे कट से इस पार से उस पार निकल जाते है, ऐसे में सामने से तेज रफ्तार आ रहे वाहन चालक अपना संतुलन खो देता है और दुर्घटना का शिकार हो जाता है।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत : समाधान योजना 2025-26 हुई शुरू

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 4 नवम्बर।** बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य तीन माह से अधिक समय से बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान पर लगने वाले सरचार्ज से राहत देना है। योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान करें और अधिक लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को दो चरणों में छूट का अवसर मिलेगा।

पहले चरण में, जो 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा, उपभोक्ताओं को 60 से 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी मिलेगी। वहीं दूसरे और अंतिम चरण में, जो 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगा, 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जो उपभोक्ता पहले चरण में एकमुश्त राशि जमा करेंगे, उन्हें अधिकतम लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के दौरान घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत और गैर-घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं को 25 प्रतिशत राशि

**एकमुश्त भुगतान पर 100 तक सरचार्ज माफी**

जमा करनी होगी। पंजीकरण के समय उपभोक्ता को संपर्क के लिए मोबाइल नंबर देना भी आवश्यक रहेगा। योजना के अंतर्गत उपभोक्ता के पास भुगतान के दो विकल्प रहेंगे—एकमुश्त भुगतान या किश्तों में भुगतान। जो उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान करेंगे, उन्हें अधिकतम छूट मिलेगी। वहीं किश्तों में भुगतान करने वालों को पंजीकरण के बाद निर्धारित तिथियों पर भुगतान करना होगा। पहली किश्त आगामी बिजली बिल की नियत तिथि तक जमा करनी होगी, जबकि कृषि उपभोक्ताओं को प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस तक किश्त का भुगतान सुनिश्चित करना होगा। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई उपभोक्ता समय पर किश्तों का भुगतान नहीं करता है, तो उसे विलंबित राशि के साथ अधिभार देना होगा।